# स्वर्ण दिल्ली

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

वर्ष 12, अंक 248 नई दिल्ली

रविवार, 13 अक्टूबर 2024, पृष्ठः 8 मूल्यः 5 रुपये


## '20 सीटों पर हुआ घपला', कांग्रेस ने चुनाव आयोग को सौंपी लिस्ट

**नई दिल्ली।** हरियाणा चुनाव में हार के बाद कांग्रेस अब ईवीएम पर सवाल उठाने लगी है। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा कि पार्टी ने चुनाव आयोग को 20 सीटों की सूची भेजी है, जहां हाल ही में हुए हरियाणा विधानसभा चुनाव में मतगणना के दौरान उम्मीदवारों ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों पर लिखित और मौखिक शिकायतें की हैं।

एएनआई से बात करते हुए खेड़ा ने कहा, हमने चुनाव आयोग को 20 सीटों की सूची भेजी है, जिसके बारे में हमारे उम्मीदवारों ने 99 प्रतिशत बैटरी चार्ज होने की लिखित और मौखिक शिकायतें की हैं। यह मुद्दा मतगणना के दिन उठाया गया था, यह एक अजीब संयोग है कि जिन मशीनों में 99 प्रतिशत बैटरी चार्ज दिखाई गई, वे वही मशीनें थीं, जिन पर कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा। 60-70 प्रतिशत बैटरी चार्ज वाली मशीनें वे थीं, जिन पर कांग्रेस जीती। ऐसा क्यों हुआ? कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने चुनाव आयोग को एक ज्ञापन सौंपा और कहा कि उन्हें उम्मीद है कि आयोग इस मुद्दे का संज्ञान लेगा और उचित निर्देश देगा। पार्टी महासचिव और संचार प्रभारी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 9 अक्टूबर को कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने चुनाव आयोग को शिकायतों से भरा ज्ञापन सौंपा था। इसे आगे बढ़ाते हुए आज हमने हरियाणा के 20 विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव प्रक्रिया में गंभीर और स्पष्ट अनियमितताओं को उजागर करते हुए एक अद्यतन ज्ञापन दिया है। हमें उम्मीद है कि चुनाव आयोग इसका संज्ञान लेगा और उचित निर्देश जारी करेगा। हरियाणा के जिन 20 विधानसभा क्षेत्रों पर कांग्रेस ने अनियमितताओं का आरोप लगाया है, उनमें नारनौल, करनाल, डबवाली, रेवाड़ी, होडल, कालका, पानीपत सिटी, इंद्री, बड़खल, फरीदाबाद एनआईटी, नलवा, रानिया, पटौदी (एससी), पलवल, बल्लभगढ़, बरवाला, उचाना कलां, घरौंडा, कोसली और बादशाहपुर शामिल हैं। इससे पहले केसी वेणुगोपाल, भूपेंद्र सिंह हुड्डा, अशोक गहलोत, प्रताप सिंह बाजवा, जयराम रमेश, पवन खेड़ा, अजय माकन और उदय भान सहित कांग्रेस नेताओं का एक प्रतिनिधिमंडल बुधवार को हरियाणा विधानसभा चुनाव के नतीजों पर अपनी चिंताओं को दूर करने के लिए चुनाव आयोग से मिलने गया था।

# पड़ोसी मुल्क कभी भी कर सकते हमला, सेना पूरी तरह रहे तैयार: राजनाथ सिंह



**दार्जिलिंग।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि मौजूदा हालात को देखते हुए पड़ोसी देशों की ओर से किसी भी तरह की कार्रवाई की संभावना को नकारा नहीं जा सकता और सेना को सुनिश्चित करना चाहिए कि वे पूरी तरह से तैयार रहे।

राजनाथ सिंह ने विजयादशमी के अवसर पर दार्जिलिंग के सुकना कैंटोनमेंट में 'शस्त्र पूजा' करने और सेना के जवानों के साथ त्योहार मनाने के बाद यह बात कही।

रक्षा मंत्री ने जवानों को संबोधित करते हुए कहा कि जब से उन्होंने रक्षा मंत्रालय की जिम्मेदारी संभाली है, तब से उन्होंने हमेशा इस बात पर जोर दिया है कि वैश्विक परिदृश्य चाहे जो भी हो, उन्हें तैयारियों में कोई कसर नहीं छोड़नी चाहिए।

राजनाथ सिंह ने आगे कहा, हमें हमेशा किसी भी स्थिति और हर विकल्प के लिए सक्रिय रूप से तैयार रहना होगा।

यह समय की मांग है और हमें सतर्क रहना होगा। किसी भी वस्तु की पूजा करना इस बात का स्पष्ट संकेत है कि जरूरत पड़ने पर उसका पूरी ताकत से इस्तेमाल किया जाएगा। यह समारोह राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति सतर्कता और जिम्मेदारी का प्रतीक है।

राजनाथ ने आगे कहा कि हमने कभी भी किसी देश के खिलाफ नफरत या अवमानना से प्रेरित होकर युद्ध नहीं किया है। ये भारतीयों के मूल्य हैं, जो हमें विरासत में मिले हैं। लेकिन अगर हमारे हितों को कोई खतरा हुआ, तो मैं यहां यह स्पष्ट करना चाहता हूं कि हम कोई भी बड़ा कदम उठाने से नहीं हिचकिचाएंगे और यह मेरा देश को आश्वासन है।

शुक्रवार को सिंह ने दार्जिलिंग के सुकना कैंट से वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए 2024 के आर्मी कमांडरों के सम्मेलन को संबोधित किया। इससे पहले, सम्मेलन में भाग लेने के लिए उनका गंगटोक पहुंचने का कार्यक्रम था, लेकिन खराब मौसम के कारण उनका विमान सिलीगुड़ी लौट आया, जहां उन्होंने सुकना कैंट से वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए सम्मेलन को संबोधित किया।

बैठक में एलएसी पर संवेदनशील स्थिति का जायजा लिया गया, खासकर लद्दाख और अरुणाचल प्रदेश में, जहां भारत और चीन के बीच नियमित रूप से गतिरोध और टकराव होता रहा है। सम्मेलन दो चरणों में आयोजित किया जा रहा है। पहला चरण 10 से 11 अक्टूबर को गंगटोक में आयोजित किया जाएगा, जबकि दूसरा चरण 28 और 29 अक्टूबर को दिल्ली में आयोजित किया जाएगा।

## ओडिशा की महिला से दिल्ली में हैवानियत की हदें पार, अधमरी हालत में सड़क किनारे फेंका



**नई दिल्ली।** दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के सराय काले खां में शुक्रवार सुबह एक युवती के साथ दुष्कर्म कर उसे सड़क किनारे फेंकने का मामला सामने आया है। युवती को गंभीर हालत में एम्स अस्पताल में भर्ती किया गया है। नौ सेना के अधिकारी ने पीड़िता को सड़क किनारे पड़ा देखा। उसके बाद पुलिस को सूचना के देने के साथ ही उसे अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने युवती का मेडिकल कराने के बाद दुष्कर्म सहित कई धाराओं में एफआईआर दर्ज किया है। फिलहाल आरोपियों की पहचान की कोशिश की जा रही है।

पुलिस अधिकारी ने बताया की शुक्रवार सुबह एक राहगीर ने पुलिस को युवती के घायल अवस्था में पड़े होने की सूचना दी। पीसीआर की टीम मौके पर पहुंची और युवती अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां जांच में युवती के निजी अंग से खून आने की जानकारी हुई। जांच के दौरान पता चला कि युवती मूलरूप से ओडिशा की रहने वाली है।

करीब एक साल पहले बिना घर वालों को बताएं दिल्ली आ गई थी। करीब दो महीने पहले वह कटवरिया सराय में पुलिस को मिली थी। तब उसके परिजनों को सूचना दी गई थी, लेकिन वह अपने परिवार वालों के साथ नहीं गई। बाद में उसका मोबाइल गुम हो गया या चोरी हो गया। उसके बाद वह न तो पुलिस के संपर्क में रह सकी न ही परिवार वालों के संपर्क में थी। वह कभी एटीएम के बाहर तो कभी कहीं सो जाती थी। शुक्रवार सुबह वह घायल हालत में सराय काले खां में मिली।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि प्राथमिक जांच में मामला दुष्कर्म का लग रहा है। पीड़िता मानसिक तौर पर परेशान लग रही है। वह पुलिस को घटना बताने में भी मदद नहीं कर रही है। पुलिस को घटना की सूचना 3.20 बजे भारतीय नौसेना के एक अधिकारी ने दी थी। उन्होंने महिला को खून से सने कपड़ों में सड़क पर देखा। सूचना पर स्थानीय पुलिस पहुंची। उन्होंने महिला को फटी कुर्ती और शरीर के निचले हिस्से में कपड़े का एक टुकड़ा पहने हुए पाया। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।







## सम्पादक की कलम से



### चुनाव आयोग के एक नोटिस से कपकपा गई कांग्रेस

**हरियाणा** विधानसभा के चुनाव परिणाम में गड़बड़ियों को लेकर कांग्रेस के महासचिव जयराम रमेश और प्रवक्ता पवन खेड़ा ने हरियाणा में चुनाव आयोग द्वारा घोषित परिणामों को अस्वीकार किया था। मतगणना के दौरान और चुनाव परिणाम आने के बाद यह कहा गया था, कि धीमी काउंटिंग और ईवीएम मशीन में की गई गड़बड़ी के कारण कांग्रेस की हार हुई। चुनाव आयोग को तथ्यों के साथ शिकायत करने की बात भी कही गई थी। चुनाव आयोग को जो शिकायत कांग्रेस पार्टी की ओर से की गई थी, उसके बाद चुनाव आयोग द्वारा एक नोटिस कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को दिया गया। उस नोटिस के मिलने के बाद कांग्रेस ने अपना रुख बदल दिया है। हरियाणा विधानसभा चुनाव में हुई हार को लेकर कांग्रेस की जो उच्च स्तरीय बैठक हुई, इस बैठक में यह निर्णय लिया गया, कि कांग्रेस ईवीएम मशीन और बैटरी पर ठीकरा नहीं फोड़ेगी। कांग्रेस हार के कारणों की तलाश करेगी। जब तक कांग्रेस को चुनाव में गड़बड़ी के पुख्ता सबूत नहीं मिल जाते हैं, तब तक वह ईवीएम मशीन के मुद्दे पर शांत रहेंगे। पिछले कई महीनो से चुनाव आयोग की भूमिका, ईवीएम की मशीन कंट्रोल यूनिट तथा मत पर्चियों की गिनती को लेकर एडीआर से लेकर सुप्रीम कोर्ट के वकीलों द्वारा कई आंदोलन, प्रदर्शन और न्यायालय में लड़ाई लड़ी है। पहले भी कांग्रेस ने इस मामले में चुप्पी साध ली थी। फार्म 17 सी को लेकर भी चुनाव के पहले कई बार बात हुई। चुनाव आयोग पर मतदान का डाटा पूर्व की तरह उपलब्ध नहीं कराने के आरोप लगाए गए थे। एडीआर ने लोकसभा के चुनाव में 89 सीटों पर हुई गड़बड़ी को लेकर तथ्यों के साथ जो शिकायत चुनाव आयोग में की थी, उसका जवाब चुनाव आयोग ने आज दिनांक तक नहीं दिया है। हरियाणा विधानसभा चुनाव के दौरान भी जो गड़बड़ियां हुई हैं, उसके संबंध में जांच कराने के स्थान पर जिस तरह से चुनाव आयोग के सामने समर्पण करने का रास्ता अख्तियार किया है, उसकी देशभर में बड़ी तीव्र प्रतिक्रिया हो रही है। समर्पण करने के बाद कांग्रेस को बहुत बड़ा नुकसान होना तय माना जा रहा है। चुनाव आयोग, केंद्र सरकार के इशारे पर काम करता है। इसके आरोप कई बार लग चुके हैं। लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस की शिकायतों को चुनाव आयोग ने कचरे के डिब्बे में डाल दिया था। किसी शिकायत पर कोई कार्यवाही नहीं हुई। चुनाव आचार संहिता का खुले रूप से उल्लंघन होता रहा। चुनाव के पश्चात सबूतों के साथ जो शिकायत की गई। उस पर चुनाव आयोग ने चुप्पी साध ली। आरोप है कि चुनाव आयोग शिकायतकर्ताओं को नोटिस भेजकर, डराकर चुनाव में मनमानी कर रहा है। हरियाणा के चुनाव में तीन बार पोर्टल में मतदान का डाटा बदला गया। हरियाणा की 90 विधानसभा सीटों पर लगभग 14 लाख मतदाता बढ़ा दिए गए। मतगणना के दौरान कई घंटे तक चुनाव आयोग का पोर्टल अपग्रेड नहीं हुआ।

सुषमा शर्मा

# विकसित समाज के निर्माण में महिलाओं की शिक्षा जरूरी है



**किसी** भी समाज के विकास में शिक्षा को महत्वपूर्ण कारक माना गया है। बात जब हम महिलाओं की शिक्षा की करते हैं तो यह न केवल सामाजिक विकास बल्कि सामाजिक न्याय का भी एक महत्वपूर्ण पहलू हो जाता है। महिलाओं की शिक्षा को नज़रअंदाज़ कर कोई भी देश वास्तविक विकास के पथ पर नहीं चल सकता है। चूंकि वह दुनिया की लगभग आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करती हैं, ऐसे में यदि उन्हें शिक्षा के अवसर प्रदान नहीं किए जाते हैं, तो हम सामाजिक और आर्थिक प्रगति का आधा हिस्सा खो देते हैं। भारत जैसे देश में जहां शिक्षा प्राप्त करना एक बड़ी समस्या है, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता और अन्य सामाजिक कारणों से शिक्षा को अधिक महत्व नहीं दिया जाता है। अक्सर गांवों में स्कूलों की कमी या उनकी दूरी इस समस्या को और अधिक बढ़ा देती है। सुरक्षा चिंताओं के कारण अभिभावक अपनी बेटियों को दूरदराज के स्कूलों में भेजना नहीं चाहते हैं। जिससे उनकी शिक्षा अधूरी रह जाती है। ऐसे में महिला शिक्षा को बढ़ावा देने की आवश्यकता और भी अधिक बढ़ जाती है।

दरअसल ग्रामीण क्षेत्रों में लड़कियों को शिक्षा प्राप्त करने में आज भी कई स्तर पर चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। हालांकि बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सरकार कई योजनाएं संचालित कर रही है, लेकिन स्कूल में शौचालय और पैड्स की उपलब्धता जैसी सुविधाओं की कमियों के साथ साथ किशोरियों को घर से स्कूल या कॉलेज की दूरी सहित अन्य कई प्रकार की सामाजिक बाधाओं का सामना रहता है। जो न केवल सामाजिक विकास में अवरोधक है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनने से भी रोकती है। इसके अतिरिक्त पितृसत्तात्मक समाज में किशोरियों की शिक्षा को बहुत अधिक महत्व नहीं दिया जाता है। स्कूल छुड़वा कर उन्हें घरेलू कामों में लगा दिया जाता है या कम उम्र में ही उनकी शादी कर दी जाती है। इन पारंपरिक विचारों और शैक्षिक अवसरों की कमी उन्हें अपनी क्षमता को उजागर करने से वंचित कर देती है।

राजस्थान के बीकानेर स्थित लूणकरणसर ब्लॉक के राजपुरा हुडान गांव इसका एक उदाहरण है। जहां माहवारी के दिनों में लड़कियां स्कूल छोड़ देती हैं। इस संबंध में कक्षा 10वीं में पढ़ने वाली 16 वर्षीय मोनिका बताती है कि आर्थिक रूप से कमज़ोर पारिवारिक पृष्ठभूमि से होने के कारण वह प्रत्येक माह पैड खरीदने में सक्षम नहीं हैं। ऐसे में वह माहवारी के दिनों में स्कूल आना बंद कर देती है।

जिससे उसे पढ़ाई में नुकसान उठाना पड़ता है। वहीं 11वीं में पढ़ने वाली मीणा बताती है कि स्कूल में शौचालय तो बना हुआ है लेकिन साफ़ सफाई नहीं होने के कारण लड़कियां उसका प्रयोग नहीं कर पाती हैं। ऐसे में वह माहवारी के दिनों में पैड बदलने की समस्या से बचने के लिए स्कूल आना बंद कर देती हैं। वह बताती है कि केवल शौचालय गंदा ही नहीं रहता है बल्कि स्कूल में पैड के निस्तारण की भी उचित व्यवस्था नहीं है। शुरू में किशोरियां इसे खुले में फेंक दिया करती थी। लेकिन स्कूल प्रशासन द्वारा इस पर रोक लगा दी गई जबकि निस्तारण की व्यवस्था भी नहीं की गई है। वह कहती है कि स्कूल प्रशासन को किशोरियों की समस्या को दूर करने के लिए उचित व्यवस्था करनी चाहिए ताकि माहवारी के दिनों में भी किसी लड़की का स्कूल न छूटे।

ग्रामीण क्षेत्रों में किशोरियों के सामने केवल स्कूल स्तर तक ही चुनौतियां नहीं हैं बल्कि उच्च शिक्षा प्राप्त करने में भी कई बाधाएं आती हैं। इस संबंध में गांव की 21 वर्षीय संतोष बताती है कि 12वीं के बाद उसे आगे की शिक्षा इसलिए छोड़नी पड़ी क्योंकि कॉलेज गांव से 18 किमी दूर लूणकरणसर ब्लॉक में है। जहां जाने आने के लिए बहुत सीमित संख्या में बस या अन्य साधन उपलब्ध हैं। इसलिए उसके अभिभावक ने उसका कॉलेज में नामांकन कराने से मना कर दिया। वहीं माधवी बताती है कि कॉलेज दूर होने के कारण उसकी पढ़ाई छुड़वा कर घर के कामों में लगा दिया गया। जबकि उसे उच्च शिक्षा प्राप्त करने और पढ़ लिख कर आत्मनिर्भर बनने का सपना था, जो अब अधूरा रह गया है। वहीं दूसरी ओर भाई को कॉलेज जाने आने के लिए बाइक दी गई है। वह कहती है कि 12वीं के बाद कॉलेज दूर होने होने की वजह से गांव की लगभग सभी लड़कियां शिक्षा से वंचित हो जाती हैं। अधिकतर किशोरियों की 12वीं के बाद शादी कर दी जाती है। जबकि लड़कों को कॉलेज जाने आने के लिए आगे पढ़ने के लिए सभी साधन उपलब्ध कराये जाते हैं। यदि राजपुरा हुडान की किशोरियों को बेहतर शिक्षा के अवसर प्रदान किए जाएं तो वे न केवल अपना जीवन सुधार सकती हैं, बल्कि अपने परिवार और गांव के विकास में भी योगदान दे सकती हैं। शिक्षा के क्षेत्र में उनका कदम अन्य ग्रामीण क्षेत्रों की लड़कियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बन सकता है।

देश में पुरुषों की तुलना में महिला साक्षरता की दर में काफी अंतर है। 2011 की जनगणना के अनुसार, देश में महिला साक्षरता की दर मात्र 64।46 फीसदी है, जबकि पुरुषों की साक्षरता दर 82।14 फीसदी है। विशेष बात यह है कि भारत की महिला साक्षरता दर विश्व की औसत महिला साक्षरता की दर 79।7 प्रतिशत से काफी कम है। वहीं राजस्थान की बात करें तो यहां महिलाओं की साक्षरता दर मात्र 52।12 प्रतिशत है जो बिहार (51।50 प्रतिशत) के बाद में देश में दूसरी सबसे कम है। वास्तव में, किशोरियों के लिए शिक्षा प्राप्त करना एक बड़ी चुनौती है, खासकर ग्रामीण इलाकों में, जहां सांस्कृतिक और पारंपरिक बाधाएं उनकी राह में एक बड़ी रुकावट बन जाती है।

इस मुद्दे को उजागर करने और महिला शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सामाजिक संगठनों और मीडिया को भी सक्रिय भूमिका निभाने की आवश्यकता है। इसके माध्यम से ही एक विकसित और संतुलित समाज की स्थापना की जा सकती है। हमें इस तथ्य को समझते हुए कि शिक्षा प्राप्त करना हर लड़की का मूल अधिकार है। ऐसे में राजपुरा हुडान की किशोरियों को इस अधिकार से वंचित करना उनके सामाजिक प्रगति के मार्ग में बाधा है। हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि प्रत्येक लड़की को शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिले, ताकि वह एक उज्ज्वल और स्वतंत्र भविष्य का निर्माण कर सके।

Invitin.g Shopperr's

Design Your Dream Attire

- Couture, Clothing & Designer Fabrics
- Rental Wedding, Lehengas, & Gowns
- Exclusive Nail Art
- Designer Mehandi
- Cosmetics

B-20/11, Double Storey, Ramesh Nagar, Delhi | Mob.: 9911294429, 011-45294429

SINCE 1975
KARAN'S
VAISHNO DHABA
MOUTH WATERING CUISINES
Lunch: 11:30am to 4.00pm * Dinner: 7.00pm to 11.00 pm
Food Without Onion & Garlics On Every Navratra
Note:
Please allow extra time for delivery on Suturday, Sunday and Holiday
Rates are subject to change without prior notice
Minimum delivery time 30 min. to 45min
All the items may not be available at all the time
Home delevery charged rs. 20. - within 1km



Home Delevery
8700965740, 9871558873, 9212598873
Spl. In Outdoor Catering

Prince Realtech & Developers
S.B. Malik (Jaggu Ji)
9311906362
011-41421363



SALE
PURCHASE
RENTING
COLLABORATION
AGRICULTURE LAND
FARM LAND
RESIDENTIAL
COMMERCIAL
INDUSTRIAL
B-121AC, Mansarover Garden, New Delhi-110015

We Positive Care
We Positive Care
Chitragupt Foundation
C186 A , 4th floor hari nagar clock tower, Pincode 110064

Punnu Biriyani
M:- 093134 07108
punnubiriyani.com
Free Home Delivery
011-25119013, 41447298, 25446671









(Jhatka Used Here)
Note- For Franchise Inquiry, call- 9313407108
DDA LIG Market, Near Cambridge Foundation School, Rajouri Garden, New Delhi, Delhi 110027
Takeout / Delivery Open Closes 23:30

श्री राधे श्री गणेशाय: नम:
श्री राधिका ज्योतिष शोध संस्थान




ज्योतिष, वास्तु अंक विद्या, हस्त रेखा व लाल किताब, पीली किताब द्वारा सभी समस्याओं का समाधान
शादी या सन्तान नही होना, नौकरी नही लगना, व्यापार नही चलना शारीरिक परेशानी या गृह कलेश रहना व अजीब घटनाओं का घटना
आपकी कुण्डली में घटित मांगलिक दोष, ग्रहण दोष व काल सर्प दोष व अन्य सभी दोषों के समाधान के लिए सम्पर्क करें।
सभी प्रकार के वैदिक अनुष्ठानों के लिए सम्पर्क करें।
Pt. S.K. Sharma, Vedic Astrolger n Healer!

Thirak Fitness Classes
Be Healthy
Learn YOGA







• Yoga with Zumba
• Exercise
• Dumble Exercise
• Stepper Exercise
• Abs Workout
• Meditation
• Pranayam
WEDDING CHOREOGRAPHY & EVENT MANAGEMENT WORKSHOP
Venue : 7/89, Ramesh Nagar
Contact : Mrs. EKTA ABROL
Mob:- 9899900178

फीजियोथिरेपी सेन्टर
आधुनिक मशीनों से युक्त व कुशल डॉक्टर की देख रेख में चल रहा है।
समय: प्रात 9 बजे से 12 बजे तक एवं सायं 5 बजे से 7 बजे तक
रविवार अवकाश
कीर्ति नगर श्री सनातन धर्म सभा (पंजी.)
गीता भवन, कीर्ति नगर, नई दिल्ली- 110015

# 'एलजी महिलाओं के यौन शोषण करने वालों का कर रहे संरक्षण', आप सांसद संजय सिंह का बड़ा आरोप



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी से राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने आज दिल्ली के उपराज्यपाल पर बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए कहा कि भजापा के एलजी के संरक्षण में एक महिला डॉक्टर का शोषण पिछले डेढ़ साल से हो रहा है। एलजी साहब शोषण करने वाले चिकित्सा अधीक्षक को बचा रहे हैं और पीड़ित महिला के खिलाफ जांच करा रहे हैं। केंद्र सरकार ने इसलिए ही एलजी साहब को ट्रांसफर-पोस्टिंग का अधिकार दिया है कि वह महिलाओं को प्रताड़ित करने वाले अधिकारियों का संरक्षण कर सकें।

संजय सिंह ने कहा, 'इस मामले में जांच के लिये 4 महीने बाद आंतरिक जांच समिति बनाई जाती है। जिस पीड़ित महिला ने अपने यौन शोषण की शिकायत की और सबूत दिए तो उसी महिला डॉक्टर के खिलाफ जांच शुरू कर दी।

तमाम प्रताड़नाओं के बाद भी महिला झुकी नहीं और समिति के सामने सबूत रखे। मई महीने के दौरान जांच में यौन शोषण के आरोप सही पाये गये। लेकिन एलजी ने आरोपी एमएस के खिलाफ कोई एक्शन नहीं लिया। क्या भाजपा ने अपने एलजी और स्वास्थ्य सचिव दीपक कुमार को केवल इसलिए बिठा रखा है कि वह महिला डॉक्टर का यौन शोषण करने वाले MS को बचाएं?'

संजय सिंह ने कहा कि एलजी क्या कोलकाता जैसी घटना का इंतजार कर रहे हैं? जिस एमएस पर अभी यौन शोषण के आरोप लगे हैं, उसके ऊपर और भी यौन शोषण करने के आरोप हैं। एलजी और स्वास्थ्य सचिव दीपक कुमार उसे बचा रहे हैं। पीड़ित महिला ने जब एमएस पर यौन शोषण के आरोप लगाए तब महिला का ही ट्रांसफर कर दिया गया।









## 2023 में नोएडा पुलिस ने किया खुलासा, फिर 16 गिरफ्तार

**नईदिल्ली।** 400 करोड़ रुपये से अधिक के महादेव एप ऑनलाइन गेमिंग फ्रॉड मास्टरमाइंड सौरभ चंद्राकर की इंटरपोल की ओर से दुबई में गिरफ्तारी के बाद अब इस धोखाधड़ी के नोएडा मॉड्यूल का भी राज खुलेगा। नोएडा में भी महादेव एप फ्रॉड में मास्टरमाइंड के रूप में सौरभ का नाम भी सामने आया था। अब सौरभ के दुबई से भारत आने के बाद नोएडा पुलिस भी आगे की कार्रवाई करेगी। सौरभ पर छत्तीसगढ़ से लेकर देश के कई राज्यों में मुकदमे दर्ज हैं।

कोतवाली सेक्टर-39 पुलिस ने फरवरी 2023 में महादेव एप गेमिंग फ्रॉड का खुलासा किया था। इस फ्रॉड एप की एक शाखा नोएडा के सेक्टर-108 में चल रही थी। यहां से सैकड़ों लोगों से ठगी की जा रही थी। पुलिस की टीम ने उस वक्त इस अंतरराष्ट्रीय ठग गिरोह के 16 आरोपियों को गिरफ्तार किया था।













**ANCHAL PLAYWOOD EMPORIUM**

**DEALS IN:**
COMMERCIAL PLAYWOOD, WATER PROOF PLAYWOOD, TEEK PLAYWOOD, PARTICLE BOOD. M.D.F SUNMICA

SATISH BANSAL
9899786284
989176284



A-205, WHS TIMBER MARKET KIRTI NAGAR, NEW DELHI-15






# बैठने वाली जॉब करने वाले जरूर करें ये योगासन, नहीं होंगी रीढ़ की हड्डी की समस्याएं

**जैसे-जैसे** तकनीक विकसित होती जा रही है, बहुत सारे काम अब एक ही जगह बैठकर किए जाने लगे हैं। इसी तरह पढ़ने वाले स्टूडेंट्स, दुकानदार और डेस्क डेस्क जॉब वाले लोगों को दिनभर एक ही जगह बैठे-बैठे काम करना पड़ता है। काम के दबाव के कारण न तो अपनी फिटनेस के बारे में सोचने का वक्त होता है और न ही जिम जाकर एक्सरसाइज करने का समय होता है। ऐसे में देखा गया है कि थोड़े समय बाद इन लोगों में पीठ दर्द, कमर दर्द, कंधा दर्द या कोहनी और उंगलियों का दर्द शुरू हो जाता है। इसका कारण यह है कि आप मानसिक रूप से तो एक्टिव होते हैं मगर शारीरिक रूप से बिल्कुल निष्क्रिय होते हैं। फिट रहने के लिए आपके शरीर को थोड़ी मेहनत या एक्सरसाइज करनी बहुत जरूरी है। अगर आपको अपने काम से ज्यादा समय नहीं मिलता है, तो आप घर पर या ऑफिस में ही 10 मिनट समय निकालकर कुछ आसान योगासन कर सकते हैं, जिससे आप शरीर में होने वाली इन समस्याओं से बचे रहें। इसके अलावा ये योगासन आपको शारीरिक रूप से फिट भी रखेंगे।



**हस्तोत्तासन करें :** हस्तोत्तासन को आप कहीं भी और कभी भी कर सकते हैं। इसे करने के लिए सबसे पहले सीधे खड़े हो जाएं और हाथों को ऊपर आकाश की तरफ उठा लें। अह दोनों हाथों के पंजों को मिलाते हुए एड़ियों को ऊंचा करें और हाथों को और ऊपर की तरफ खींचें। इसके बाद एड़ियों को जमीन पर रख दें। अब हाथों को ऊपर उठाए हुए ही दाईं तरफ क्षमतानुसार घूम कर स्ट्रेच करें। फिर इसी तरह बाईं तरफ क्षमतानुसार स्ट्रेच करें। हर 3 घंटे के अंतराल पर ऐसा 2-3 बार कर लें, तो आपको कभी भी कमर और पीठ की समस्या नहीं होगी।

**सुप्त पवनमुक्तासन :** चटाई बिछाकर सीधे लेट जाएं। अपने घुटनों से टांगें मोड़ लें और उन्हें अपनी छाती के करीब लाएं। अपनी टांगों के आसपास अपनी बाहें लपेटें। चाहें तो अब आंखें भी बंद कर सकती हैं। गहरी सांस लें। इसी मुद्रा में 1 मिनट के लिए रहें। अब सांस छोड़ें और अपना सिर इतना उठाएं कि आपकी नाक घुटनों को छू सके। इस मुद्रा में 5 सेकंड तक रहें। सांस लेते हुए अब अपना सिर पीछे ले जा सकती हैं। इसे 5 बार दोहराएं। इस आसन से पेट, छोटी और बड़ी इंटेस्टाइन, लिवर, पेनक्रियाज़, गॉलब्लैडर और पेल्विक की मांसपेशियों की खुद-ब- खुद मालिश हो जाती है।

**पदसंचालनासन :** यह आसन मोटापे के इलाज में बहुत कारगर है। इसके अभ्यास से पीठ, हिप्स, टांगें, होठ, पेट और पेल्विस मजबूत होते हैं। चटाई बिछा लें और उस पर सीधी लेट जाएं। हथेलियां नीचे की तरफ हों। सामान्य रूप से सांस लें और अपनी दोनों टांगों को ऐसे हवा में चलाएं, मानो लेटे हुए साइकिल चला रही हों। इसके 10-12 राउंड्स करें। अब शवासन में आएं, यानी लेट जाएं और दो मिनट तक धीरे-धीरे सांस लें। अब उलटी दिशा में टांगों को चलाएं। इसके 10-12 राउंड्स करें।

**स्ट्रेचिंग करें :** उल्टी टांग को सीधी टांग के ऊपर रखें और आगे की तरफ झुक जाएं फिर महसूस करें कि कहां-कहां स्ट्रेच आ रहा है। फिर वापस उसी अवस्था में आ जाएं। फिर दूसरी तरफ से भी इस आसन को करें। अब अपनी उंगलियों को आपस में फंसाकर ऊपर ले जाइए और खींचकर रखिए। सांस भरते रहिए और वापस आ जाइए। फिर अपना उल्टा हाथ ऊपर ले जाइए और दूसरी साइड में झुक जाइए। ऐसा ही दूसरी साइड से भी करें। उल्टा पैर आगे ले जाइए फिर हाथ से पैरों की उंगालियों को पकड़ने की कोशिश करें। अगर नहीं पकड़ पा रहे तो पैर को पकड़ लें। फिर वापस आ जाइए। दूसरी तरफ से भी ऐसे ही करें।

**घंटों तक न बैठे रहें :** ऑफिस में बैठने का काम हो तो भी एक जगह चेयर पर घंटों तक न बैठे रहें, बल्कि बीच-बीच में टहलते रहें। हर एक-डेढ़ घंटे बाद अपनी कुर्सी से उठें और 20 कदम चलकर शरीर को थोड़ा स्ट्रेच करें और फिर बैठ जाएं। अपना सामान स्वयं ही उठाकर रखें या फिर लंच टाइम में अपने केबिन में ही टहल लें। कैसे भी 15-20 मिनट तो अवश्य निकालें अपने लिए जिसमें आप चल सकें।

# चेहरे के बाल हटाने के लिए वैक्सिंग क्यों नुकसानदायक है



**मुंहासें,** दाग-धब्बे और झुर्रियां जैसी कई चीजें आपके चेहरे की सुंदरता को कम कर देती हैं। जिन्हें दूर करने के लिए आप कई तरीके अपनाते हैं। इन सभी चीजों की तरह चेहरे पर मौजूद अनचाहे बाल भी आपकी चेहरे की सुंदरता को कम कर देती हैं। चेहरे से बाल हटाने के लिए महिलाएं कई तरीके अपनाती हैं। इनमें से कुछ घरेलू उपाय होते हैं। मगर कुछ महिलाएं चेहरे से अनचाहे बालों को हटाने के लिए वैक्सिंग भी करवाती हैं। हाथ, पैर और अंडरआर्म्स से बालों को हटाने के लिए आपने वैक्सिंग के बारे में तो सुना ही होगा। अब चेहरे से बाल हटाने के लिए भी वैक्सिंग कराई जाती है। चेहरे पर वैक्सिंग करने के होने वाले नुकसानों के बारे में बताते हैं।

**चेहरे पर वैक्सिंग कराने के नुकसान-**

**रैशेज :** चेहरे पर वैक्सिंग करने से कुछ समय के लिए रैशेज और जलन होना सामान्य होता है। हालांकि यह रैशेज साइड इफेक्ट होते हैं। यह रैशेज एक दिन तक रहते हैं। अगर यह रैशेज ज्यादा समय तक रहते हैं तो उस प्रोडक्ट का इस्तेमाल करना बंद कर दें।

**सन सेंसिटिविटी :** अगर आपको सन बर्न हुआ है तो उस दौरान चेहरे पर वैक्स नहीं करनी चाहिए। उस दौरान आपको अपनी त्वचा का खास ध्यान रखना चाहिए। साथ ही अगप आपने अगर चेहरे पर वैक्स कराई है तो धूप में निकलने से बचना चाहिए। चेहरे पर वैक्सिंग के दौरान बालों के साथ त्वचा की ऊपरी परत एपिडर्मिस भी हट जाती है। जिसकी वजह से आपकी त्वचा सूरज की रोशनी में ज्यादा संवेदनशील हो जाती है।

**इनग्नोन हेयर :** शेविंग के साथ वैक्सिंग की वजह से भी इनग्रोन हेयर की समस्या हो जाती है। वैक्सिंग के दौरान इनग्रोन हेयर से बचने के लिए बालों के विपरीत तरफ स्ट्रिप खीचें। कई बार बालों की जड़ें मजबूत होने की वजह से यह वैक्सिंग की मदद से पूरी तरह निकल नहीं पाते हैं जिससे इनग्रोन हेयर रह जाते हैं।

**दर्द :** वैक्सिंग की वजह से दर्द बहुत होता है। ऐसा तब होता है जब बहुत जल्दी वैक्स स्ट्रिप को हटा दिया जाता है। इस दौरान संवेदनशील त्वचा पर सबसे ज्यादा दर्द होता है।

**इंफेक्शन :** कुछ लोगों को वैक्सिंग की वजह से इंफेक्शन हो जाता है। कई बार वैक्सिंग के दौरान त्वचा से खून आने लगता है या त्वचा खराब हो जाती है। अगर किसी जगह पर पहले से कट है तो वहां वैक्स लगाने से इंफेक्शन होने की संभावना बढ़ जाती है।

BDS since 1975
MATTRESS HI MATTRESS
Hush,
Serta,
Kingkoil,
Simmons
Nilkamal,
Therapedic

World Class Mattresses
BDS
Ms. Parvinder Kaur
# 9560509507
Visit: 79/3, W.H.S. Kirti Nagar, Delhi - 110015

# आईपीएल मेगा नीलामी से पहले पंत की सोशल मीडिया पोस्ट ने फैंस को चौंकाया

**नईदिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान और भारत के विकेटकीपर ऋषभ पंत ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट से अपने फैंस और टीम को चौंका दिया। आगामी आईपीएल मेगा नीलामी से पहले पंत ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट करते हुए पूछा कि अगर वह नीलामी में जाते हैं, तो उनकी कितनी बोली लगेगी या फिर वह बिना बिके रह जाएंगे। पंत ने लिखा, "अगर मैं नीलामी में जाऊं, तो क्या मैं बिकूंगा या नहीं, और कितने में?"



बाएं हाथ के आक्रामक बल्लेबाज पंत इस साल आईपीएल 2024 में एक भयानक कार हादसे के बाद वापस मैदान पर लौटे थे। वह पूरे 2023 के सीजन से बाहर थे। इसके बाद उन्होंने रोहित शर्मा की कप्तानी में भारत के लिए टी20 वर्ल्ड कप जीता और फिर वनडे और टेस्ट टीमों में भी वापसी की। पिछले महीने बीसीसीआई द्वारा आईपीएल प्लेयर नियमों की घोषणा के बाद, दिल्ली कैपिटल्स के सह-मालिक पार्थ जिंदल ने पुष्टि की कि पंत को "जरूर रिटेन किया जाएगा।"

जिंदल ने कहा, "हां, हमें उन्हें जरूर रिटेन करना है। हमारी टीम में कई अच्छे खिलाड़ी हैं। नियम सामने आ गए हैं, तो अब जीएमआर और हमारे क्रिकेट डायरेक्टर सौरव गांगुली से चर्चा के बाद फैसले किए जाएंगे। ऋषभ पंत को निश्चित रूप से रिटेन किया जाएगा।"

उन्होंने आगे कहा, "हमारे पास अक्षर पटेल, ट्रिस्टन स्टब्स, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, कुलदीप यादव, अभिषेक पोरेल, मुकेश कुमार और खलील अहमद जैसे कई अच्छे खिलाड़ी हैं। हम देखेंगे कि नीलामी में क्या होता है। नियम के अनुसार, हम छह खिलाड़ियों को रिटेन कर सकते हैं। चर्चा के बाद हम नीलामी की प्रक्रिया को आगे बढ़ाएंगे।"

पहले, पंत ने सोशल मीडिया पर एक यूजर को फटकार लगाई थी जिसने उनके रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से जुड़ने की अफवाह फैलाई थी। पंत ने इस पोस्ट पर कड़ा रुख अपनाते हुए इसे "फर्जी खबर" करार दिया था।

आईपीएल टीमों को अपने मौजूदा स्क्वॉड से कुल छह खिलाड़ियों को रिटेन करने का अधिकार है, जिसमें रिटेंशन या 'राइट टू मैच' (आरटीएम) विकल्प का उपयोग किया जा सकता है। इन छह रिटेंशनों/आरटीएम में अधिकतम पांच कैप्ड खिलाड़ी (भारतीय और विदेशी) और अधिकतम दो अनकैप्ड खिलाड़ी हो सकते हैं।

आईपीएल 2025 के लिए टीमों का नीलामी पर्स 120 करोड़ रुपये तय किया गया है। कुल सैलरी कैप अब नीलामी पर्स, प्रदर्शन बोनस और मैच फीस का मिश्रण होगा। इससे पहले 2024 में, कुल सैलरी कैप (नीलामी पर्स + प्रदर्शन बोनस) 110 करोड़ रुपये थी।

# अंडर-11 पैडलर सेबतिन्दिरा करेंगे युगांडा टीम का नेतृत्व

**कंपाला।** 10 वर्षीय स्टार खिलाड़ी जोसेफ सेबतिन्दिरा 12-19 अक्टूबर को इथियोपिया के अदीस अबाबा में होने वाली 2024 अफ्रीका टेबल टेनिस चैंपियनशिप में युगांडा की टीम का नेतृत्व करेंगे। सेबतिन्दिरा वर्तमान में अंतरराष्ट्रीय टेबल टेनिस महासंघ (आईटीटीएफ) के अंडर-11 खिलाड़ियों में शीर्ष स्थान पर हैं।



शुक्रवार को टीम के इथियोपिया रवाना होने से पहले सेबतिन्दिरा ने शिन्हुआ से कहा, मैं बहुत उत्साहित हूं कि एक बार फिर मुझे एक अंतरराष्ट्रीय चैंपियनशिप में युगांडा का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला है। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि हम देश के लिए कई पदक जीतने के लिए एक टीम के रूप में कड़ी मेहनत करें।

सेबतिन्दिरा के अलावा, टीम में अफ्रीका की यू-11 महिला चैंपियन पेशेंस एनयांगो भी शामिल हैं, जबकि जोनाथन सेनयोंगा टीम की कप्तानी करेंगे।

युगांडा टेबल टेनिस एसोसिएशन (यूटीए) के अध्यक्ष रॉबर्ट जजग्वे ने सिन्हुआ को बताया कि सात सदस्यीय टीम को इथियोपिया भेजने के लिए धन जुटाना आसान नहीं रहा है।

जजग्वे ने कहा, हमें इस टीम को भेजने में बहुत संघर्ष करना पड़ा, लेकिन हम खुश हैं कि वे आखिरकार यात्रा कर रहे हैं और अफ्रीकी कैलेंडर के सर्वश्रेष्ठ टूर्नामेंटों में से एक में युगांडा का प्रतिनिधित्व करेंगे।

जजग्वे ने यह भी बताया कि अफ्रीका चैंपियनशिप में खेलने से सेबतिन्दिरा और एनयांगो को अनुभव प्राप्त करने में मदद मिलेगी क्योंकि वे 1 से 8 नवंबर तक पैराग्वे में होने वाले वर्ल्ड होप्स (यू-11) प्रशिक्षण शिविर और चैंपियनशिप में अफ्रीका का प्रतिनिधित्व करने की तैयारी कर रहे हैं।

अफ्रीका चैंपियनशिप में भाग लेने वाली अन्य टीमों में नाइजीरिया, डीआर कांगो, कैमरून, अल्जीरिया, टोगो, दक्षिण अफ्रीका, बेनिन, मेडागास्कर, ट्यूनीशिया, सूडान और मेजबान इथियोपिया शामिल हैं।

# जयदेव उनादकट ने ससेक्स के साथ अपना अनुबंध दो साल के लिए बढ़ाया

**नईदिल्ली।** भारतीय तेज गेंदबाज जयदेव उनादकट ने 2025 और 2026 काउंटी चैंपियनशिप सीजन के लिए ससेक्स के साथ दो साल का अनुबंध विस्तार किया है। उनादकट ने पहली बार 2023 में ससेक्स के साथ करार किया था और अपने पहले सीजन में उन्होंने तीन मैचों में 11 विकेट चटकाए थे। वह 2024 में टीम में लौटे और पांच मैचों में 14.40 की औसत से 22 विकेट चटकाए। गेंद के साथ उनके बेहतरीन प्रदर्शन ने सीधे तौर पर ससेक्स को डिवीजन टू का खिताब जीतने में मदद की।

टीम द्वारा जारी एक विज्ञप्ति में उनादकट के हवाले से कहा गया, जब मैं पिछले साल होव आया था, तो मुझे यकीन नहीं था कि काउंटी चैंपियनशिप में क्या होगा और मैं इसके लिए कैसे खुद को ढाल पाऊंगा। लेकिन अब कुछ खेलों के बाद, मैं निश्चित रूप से कह सकता हूं कि होव मेरे घर से दूर मेरा दूसरा घर है और गुड ओल्ड ससेक्स बाय द सी मेरा दिल जीत लेता है।


ससेक्स के मुख्य कोच पॉल फरब्रेस ने एक खिलाड़ी और एक व्यक्ति के रूप में टीम को प्रदान की जाने वाली गुणवत्ता के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने कहा, होव में हर कोई बहुत खुश और उत्साहित है कि जयदेव (उनादकट) ने दो साल के विस्तार पर हस्ताक्षर किए हैं और अगले दो सत्रों के लिए क्लब में वापस आएंगे।



उन्होंने कहा, जयदेव की पिच पर गुणवत्ता हर किसी के लिए स्पष्ट है, लेकिन एक व्यक्ति के रूप में उनके गुण उन्हें सबसे लोकप्रिय और सबसे अच्छे लोगों में से एक बनाते हैं, जिनकी कोई भी टीम कामना कर सकती है। उनादकट वर्तमान में रणजी ट्रॉफी में सौराष्ट्र का नेतृत्व कर रहे हैं, जो शुक्रवार से शुरू हुई। विशेष रूप से, इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 में, उनादकट ने सनराइजर्स हैदराबाद के साथ उनका एक निराशाजनक सीजन रहा, जिसमें उन्होंने 11 मैचों में 10.24 की इकॉनमी से 8 विकेट लिए।

# वुहान ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचीं झेंग किनवेन

**वुहान।** चीन की झेंग किनवेन ने इटली की तीसरी वरीयता प्राप्त जैस्मीन पाओलिनी को 6-2, 3-6, 6-3 से हराकर शुक्रवार रात वुहान ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। यह मैच दो घंटे 14 मिनट तक चला, जिसमें झेंग ने 10 ऐस लगाकर सेमीफाइनल में जगह बनाई।



पहले सेट में शुरू से ही कड़ी टक्कर देखने को मिली। शुरुआती गेम में झेंग पहले 0-30 से पिछड़ रही थीं, लेकिन पाओलिनी की सर्विस तोड़ने के लिए उन्होंने शानदार लचीलापन दिखाया। अगले कुछ गेम में दोनों खिलाड़ियों ने अपनी सर्विस बरकरार रखी, लेकिन झेंग ने इसके बाद लगातार तीन गेम जीतकर सेट 6-2 से अपने नाम कर लिया। दूसरे सेट में पाओलिनी ने वापसी की और झेंग की सर्विस दो बार तोड़कर 6-3 से जीत दर्ज की।

निर्णायक तीसरे सेट की शुरुआत दोनों खिलाड़ियों द्वारा 3-3 तक अपनी सर्विस बनाए रखने से हुई। इसके बाद झेंग ने बेहतर प्रदर्शन किया और पाओलिनी की सर्विस तोड़कर अपनी सर्विस को बनाए रखते हुए मैच को 6-3 से अपने नाम किया और सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की।

मैच के बाद झेंग ने कहा, पाओलिनी ने आज बहुत अच्छा खेला। उनका आक्रामक खेल बहुत ही शानदार था और यह निश्चित रूप से टूर्नामेंट का मेरा अब तक का सबसे चुनौतीपूर्ण मैच था।

उन्होंने घरेलू दर्शकों के समर्थन के लिए उनका आभार भी व्यक्त किया। झेंग ने घरेलू धरती पर अपनी हाल की सफलताओं को याद करते हुए कहा, जब मैं ऊर्जा से वंचित थी, तब आपने मुझे आगे बढ़ाया। आपके समर्थन ने बहुत बड़ा अंतर पैदा किया और मैं आपके बिना सेमीफाइनल तक नहीं पहुंच पाती। चीन के सीज़न के दौरान दो सेमीफाइनल तक पहुंचना निश्चित रूप से केवल किस्मत नहीं है।

झेंग का अगला मुकाबला उनकी हमवतन वांग शिन्यू से होगा, जिन्होंने शुक्रवार को एकातेरिना एलेक्जेंड्रोवा पर वापसी करते हुए जीत हासिल की। यह इतिहास में पहली बार है कि दो चीनी खिलाड़ी डब्ल्यूटीए 1000 इवेंट में आमने-सामने होंगी।

# सृष्टि भारती और काजल त्रिपाठी का लोकगीत 'रेल गड़िया चलावे हमार पियवा' रिलीज



**गायिका** सृष्टि भारती और अभिनेत्री काजल त्रिपाठी का लोकगीत 'रेल गड़यिा चलावे हमार पियवा' रिलीज हो गया है।

लोकगीत 'रेल गड़यिा चलावे हमार पियवा' वर्ल्डवाइड रिकॉड्र्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। इसके वीडियो में दिखाया गया है कि एक रेलगाड़ी किसी गांव में पटरी से गुजर रही है और उसे देखते ही नवविवाहित युवती का मन खिन्न हो जाता है, क्योंकि उसका पति रेलगाड़ी का ड्राइवर चलाता है।जो अपने में मस्त मगन है और अपनी पति की सुधि नहीं लेता है।

वर्ल्डवाइड रिकॉड्र्स प्रस्तुत लोकगीत 'रेल गड़यिा चलावे हमार पियवा' निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इस गीत को सृष्टि भारती ने गाया है। इसके वीडियो में काजल त्रिपाठी नजर आ रही हैं।इस गाने को गीतकार सूरज सिंह ने लिखा है, जबकि संगीतकार विकाश यादव हैं। वीडियो डायरेक्टर आशीष सत्यार्थी, डीओपी संतोष यादव एंड नवीन, कोरियोग्राफर अनुज मौर्या, एडिटर प्रवीण यादव हैं। डीआई रोहित सिंह, प्रोडक्शन पंकज सोनी ने किया है। इस गीत का ऑल राइट वर्ल्डवाइड रिकॉड्र्स के पास है।

# यश कुमार की फिल्म नागराज और चण्डालिका का फर्स्ट लुक रिलीज



**भोजपुरी** सिनेमा के सुपरस्टार यश कुमार और अपर्णा मलिक स्टारर फिल्म नागराज और चण्डालिका का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है।

फिल्म नागराज और चण्डालिका का निर्माण यश कुमार एंटरटेनमेंट के बैनर तले हो रहा है और निर्देशन राज किशोर प्रसाद (राजू) कर रहे हैं। इस फिल्म की कहानी यश कुमार और मनोज कुशवाहा ने लिखी है।

फिल्म नागराज और चण्डालिका का फर्स्ट लुक रिलीज होने के बाद यश कुमार ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा, इस फिल्म का फर्स्ट लुक दर्शकों को बहुत पसंद आएगा, क्योंकि इसमें एक अनोखी कहानी के साथ दमदार एक्शन और इमोशन का मेल है। हम इसे लेकर बेहद उत्साहित हैं। मुझे उम्मीद है कि दर्शक इस फिल्म को भरपूर प्यार देंगे, जैसा कि उन्होंने हमेशा मेरे काम को सराहा है।नागराज और चण्डालिका एक ऐसी फिल्म है जो दर्शकों को अपने साथ बांधे रखेगी। इसकी कहानी और किरदार दर्शकों के दिलों पर छाप छोड़ेंगे। फिल्म में एक्शन, इमोशन और मनोरंजन का बेहतरीन मिश्रण है, और यह सभी उम्र के दर्शकों को पसंद आएगी।

फिल्म नागराज और चण्डालिका का संगीत साजन मिश्रा ने तैयार किया है। गीतकार राजेश मिश्रा और धरम हिंदुस्तानी हैं। डीओपी समीर सैयद जहांगीर है, जबकि एक्शन प्रदीप खड़का का है।फिल्म की कोरियोग्राफी प्रवीण सेलार ने की ।













स्वामिधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक सुषमा शर्मा द्वारा दिव्य ऑफसेट प्रिंटर्स, बी-1422 दुर्गा मंदिर, न्यू अशोक नगर, नई दिल्ली-110096 से मुद्रित कराकर बी-5/184, रोहिणी सेक्टर-11 नई दिल्ली से प्रकाशित।
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन एवं प्रकाशन के उत्तरदायी। RNI No. DELHIN/2013/48040, संपर्क 8826286868